# एआई समिट और केरल कुंभ की सराहना की

## 'मन की बात' कार्यक्रम में मोदी बोले- दुनिया ने भारत की अद्भुत क्षमताएं देखीं



**नई दिल्ली, 22 फरवरी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के 131वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित करते हुए इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट की सफलता की चर्चा की. उन्होंने कहा कि समिट में दुनिया ने भारत की अद्भुत क्षमताएं देखीं और यह एआई के उपयोग की दिशा में एक टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ.**

पीएम मोदी ने बताया कि उन्हें वैश्विक नेताओं और टेक सीईओ से मिलने का अवसर मिला और एआई आधारित दो प्रमुख प्रोडक्ट्स - अमूल के बूथ पर डेयरी प्रबंधन और भारत की प्राचीन पांडुलिपियों के डिजिटल संरक्षण - को प्रदर्शित किया गया.

इसके अलावा भारत ने तीन 'मेड इन इंडिया' एआई मॉडल लॉन्च किए.प्रधानमंत्री ने पिछले वर्ष प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ और केरल के तिरुनावाया में आयोजित मामंगम या केरल कुंभ का भी उल्लेख किया. उन्होंने बताया कि ये केवल स्नान का पर्व नहीं बल्कि संस्कृति और स्मृति का जागरण हैं, जो उत्तर से दक्षिण तक आस्था की एक धारा को जोड़ते हैं.

उन्होंने कहा कि केरल कुंभ की परंपरा वर्षों तक ओझल रही थी, लेकिन अब इसे फिर से पुरानी भव्यता में मनाया जा रहा है. पीएम मोदी ने डिजिटल और स्वदेशी पहल पर जोर दिया. उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' और त्योहारों में स्वदेशी अपनाने की अपील की. बच्चों को परीक्षा के लिए प्रेरित किया और डिजिटल सुरक्षा पर सतर्क रहने की हिदायत दी.प्रधानमंत्री ने स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय गवर्नर जनरल सी. राजगोपालाचारी की याद दिलाते हुए बताया कि राष्ट्रपति भवन में उनकी प्रतिमा का अनावरण 23 फरवरी को 'राजाजी उत्सव' के रूप में किया जाएगा.

### देशवासियों को गर्व और प्रेरणा का अनुभव

प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी, जो उनके जीवन, आदर्श और सेवा भाव को प्रदर्शित करेगी. पीएम मोदी ने देशवासियों से सुझाव मांगे और कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम के लिए उनके संदेश देशभर की प्रतिभाओं और प्रेरणादायक कहानियों को सामने लाते हैं. उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे अपने प्रयास जारी रखें और आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भाग लें. इस एपिसोड में प्रधानमंत्री ने एआई, संस्कृति, स्वदेशी पहल, युवाओं और डिजिटल सुरक्षा पर महत्वपूर्ण संदेश दिए. उन्होंने भारत की प्रगति, तकनीकी क्षमता और सांस्कृतिक विरासत की झलक प्रस्तुत करते हुए देशवासियों को गर्व और प्रेरणा का अनुभव कराया.

# बदायूं में दो बसों की भिड़ंत, तीन मरे और 20 से ज्यादा घायल

**बदायूं, 22 फरवरी.** उत्तर प्रदेश में बदायूं के उझानी कोटवाली इलाके में रविवार सुबह दो बसों की टक्कर में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 20 से ज़्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए.पुलिस ने बताया कि आज सुबह करीब पांच बजे बरेली-मथुरा हाईवे पर सिंह हवेली के पास एक सरकारी रोडवेज़ बस और एक प्राइवेट बस आपस में टकरा गईं. टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि प्राइवेट बस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई.

हादसे की सूचना पर उझानी कोतवाली थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेज पहुंचाया जहां तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया गया. घायलों में कुछ की हालत गंभीर बतायी गयी है. हादसे के कारण हाईवे पर कई घंटों तक भारी ट्रैफिक जाम रहा. खराब गाड़ियों को हटाने के लिए क्रेन बुलाई गईं, जिसके बाद ट्रैफिक बहाल हुआ. हादसे का सही कारण पता नहीं चल पाया.

# अमेरिका के पूर्वी तट पर बर्फीला तूफान

- 1500 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गई
- अटलांटिक और उत्तर-पूर्वी राज्यों में बर्फबारी

**वॉशिंगटन, 22 फरवरी.** अमेरिका के पूर्वी तट पर शक्तिशाली बर्फीले तूफान की चेतावनी जारी की गई है. मौसम विभाग और अमेरिकी मीडिया के अनुसार, यह शीतकालीन तूफान मध्य अटलांटिक और उत्तर-पूर्वी राज्यों में भारी बर्फबारी, तेज हवाओं और तटीय बाढ़ का कारण बन सकता है. न्यूयॉर्क, बोस्टन और अन्य प्रमुख शहरों में तूफान की चेतावनी के चलते 1500 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गई हैं. राष्ट्रीय मौसम सेवा के मौसम पूर्वानुमान केंद्र ने बताया कि दक्षिणपूर्वी क्षेत्र में बना निम्न दबाव रविवार सुबह तक दक्षिणी मध्य अटलांटिक तट की ओर बढ़ेगा और शाम तक गहरा होकर उत्तर-पूर्व की ओर जाएगा.




इसके चलते कई स्थानों पर 1 से 2 फीट तक बर्फबारी होने की संभावना है, जिससे यात्रा लगभग असंभव हो जाएगी. डेलावेयर से लेकर दक्षिण-पूर्वी न्यू इंग्लैंड तक तटीय क्षेत्रों में 40-70 मील प्रति घंटे की हवाओं के झोंके और दृश्यता में भारी कमी की चेतावनी दी गई है. तेज और गीली बर्फ के कारण बिजली गुल होने की संभावना भी है, साथ ही तटीय सड़कों और संपत्तियों में जलमग्न होने की आशंका है. विशेषज्ञों ने कहा कि फरवरी में अटलांटिक तट पर अक्सर शीतकालीन तूफान आते हैं, जब ठंडी महाद्वीपीय हवाएं गर्म अटलांटिक जल के संपर्क में आती हैं. ऐसे तूफान से प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को अनावश्यक यात्रा से बचने और सुरक्षा उपाय अपनाने की सलाह दी गई है.

# 151 जोड़ों के सामूहिक विवाह में केजरीवाल

## कोली समाज के साथ जताया समर्थन

**गुजरात,22 फरवरी. भावनगर में 151 जोड़ों के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पहुंचे और कोली समाज के साथ अपना समर्थन जताया. कार्यक्रम वीर मंधाता कोली समाज द्वारा आयोजित किया गया था.**

केजरीवाल ने इस अवसर पर जोड़ों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि इस तरह के सामाजिक कार्यक्रम समुदाय को जोड़ने और गरीब परिवारों की मदद करने का एक सकारात्मक प्रयास हैं.

इस सामूहिक विवाह समारोह में शामिल जोड़ों को आवश्यक वस्तुएं और मदद भी प्रदान की गई. केजरीवाल ने कहा कि सामाजिक समानता और समुदाय की भलाई के लिए इस तरह के आयोजनों का महत्व बढ़ रहा है.



### समाज के बुजुर्गों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई

कोली समाज के योगदान और उनकी संस्कृति के प्रति सम्मान भी व्यक्त किया .कार्यक्रम में स्थानीय नेताओं और समाज के बुजुर्गों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल विवाह को सरल और सुलभ बनाने के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह समुदाय में एकता और सहयोग की भावना भी बढ़ाती है.

# शरद पवार डिहाइड्रेशन के कारण अस्पताल में भर्ती

**पुणे, 22 फरवरी.** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (रांकपा- शरद गुट) के प्रमुख शरद पवार को एक बार फिर पुणे के रूबी हॉल क्लिनिक में भर्ती कराया गया है रूबी हॉल क्लिनिक के मुख्य कार्डियोलॉजिस्ट और चेयरमैन डॉ. परवेज ग्रांट ने एक बयान में कहा कि श्री पवार को रविवार को हल्के डिहाइड्रेशन (पानी की कमी) के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया है. उन्हें तरल पदार्थ की आवश्यकता है और उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर है. कुछ दिन पहले भी सीने में जकड़न सहित अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के चलते श्री पवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था. पाँच दिनों तक चले इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई थी. डॉक्टरों ने स्पष्ट किया है कि उनकी हालत स्थिर है.

# नया टर्मिनल असम की की बड़ी उपलब्धि

- असम के विमानन अवसंरचना में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि : हिमंत बिस्वा सरमा

**गुवाहाटी, 22 फरवरी. मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि बोरझार स्थित लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय (एलजीबीआई) हवाई अड्डे पर नवनिर्मित एकीकृत टर्मिनल रविवार को चालू हो गया, जो असम के विमानन अवसंरचना में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है.**

सुविधा का उद्घाटन करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नए टर्मिनल को यात्री क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि करने और समग्र यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे गुवाहाटी पूर्वोत्तर और पड़ोसी दक्षिणपूर्व



एशियाई क्षेत्रों के लिए एक प्रमुख विमानन प्रवेश द्वार के रूप में स्थापित हो रहा है। सरमा ने यह भी घोषणा की कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए हवाई अड्डे के टर्मिनल के पास दो पांच सितारा होटल बनाए जाएंगे। उन्होंने कहाकि प्रस्तावित आतिथ्य परियोजनाओं से पर्यटन अवसंरचना को मजबूती मिलने और स्थानीय निवासियों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है.

मुख्यमंत्री ने भावी विस्तार योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि क्षेत्र में तेजी से बढ़ते हवाई यातायात को देखते हुए राज्य सरकार अगले दो वर्षों के भीतर एलजीबीआई हवाई अड्डे पर एक अतिरिक्त टर्मिनल के निर्माण की संभावना तलाश रही है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार दिल्ली जैसे प्रमुख विमानन केंद्रों की तर्ज पर बोरझार में एक %एयरो हब% विकसित करने की योजना बना रही है।सरमा ने कहा कि हमारा लक्ष्य गुवाहाटी को पूरे पूर्वोत्तर के लिए एक प्रमुख विमानन और लॉजिस्टिक्स हब में बदलना है।प्रस्तावित एयरो हब कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा.

# ईरानी नागरिकों से 5 करोड़ की विदेशी सिगरेट जब्त

**अहमदाबाद, 22 फरवरी.** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने एक महत्वपूर्ण समुद्री अभियान में गुजरात के पोरबंदर के पास एक संदिग्ध विदेशी नाव को रोका. इस नाव में ईरानी चालक दल मौजूद था और इसके माध्यम से तस्करी की जा रही विदेशी सिगरेट की बड़ी खेप बरामद की गई. बाजार में इन सिगरेटों की कीमत लगभग 5 करोड़ रुपये आंकी जा रही है. तटरक्षक बल ने बताया कि भारतीय तटरक्षक जहाज ने द्वारका से लगभग 115 समुद्री मील पश्चिम में एक संदिग्ध नाव को रोका. नाव की पहचान 'अल मुख्तार' के रूप में हुई, जिसमें चार ईरानी नागरिक चालक दल के रूप में मौजूद थे. तलाशी के दौरान 200 कार्टन प्राप्त हुए.

## एक नजर में

### लीबिया के तटीय इलाके में सात प्रवासियों की मौत

**त्रिपोली, 22 फरवरी.** लीबिया की राजधानी त्रिपोली के पूर्व स्थित तटीय शहर कसर अल-अख्यार के एक समुद्र तट पर कम से कम सात प्रवासियों की मौत हो गयी है. जांच अधिकारियों के अनुसार, समुद्र की अशांत स्थिति के कारण संभावित लापता व्यक्तियों की संख्या का अभी ठीक-ठीक पता नही चला है. मिली जानकारी के अनुसार यह घटना शनिवार की बताई जा रही है . रिपोर्ट में कसर अल-अख्यार पुलिस स्टेशन के एक न्यायिक अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि एक महिला और एक बच्चे समेत इन सात प्रवासियों के शव समुद्री लहरों के साथ बहकर तट पर आ गये थे. उन्होंने यह भी जोड़ा कि घटना के हालात का पता लगाने के लिए जांच जारी है. यूरोप से अपनी भौगोलिक निकटता और लंबी भूमध्यसागरीय तटरेखा के कारण लीबिया अनियमित प्रवासियों के लिए एक प्रमुख पारगमन बिंदु रहा है.

### एग-डोनेशन रैकेट का पुलिस ने किया पर्दाफाश

**मुंबई, 22 फरवरी.** महाराष्ट्र के ठाणे में पुलिस ने बदलापुर ईस्ट के जोवेली में एक रेजिडेंशियल अपार्टमेंट और सोनोग्राफी सेंटर से चल रहे बड़े एग-डोनेशन रैकेट का पर्दाफाश किया. छापेमारी में तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया गया, जिनकी पहचान सुलक्षणा गाडेकर, अश्विनी चाबुकस्वार और मंजुषा वानखेड़े के रूप में हुई. पुलिस के अनुसार यह गिरोह गरीब और जरूरतमंद महिलाओं को लालच देकर बार-बार उनके एग निकालवाता था. पीड़ितों को हर प्रक्रिया के लिए 25 से 30 हजार रुपए दिए जाते थे. हार्मोनल इंजेक्शन देकर एग की उत्पादन क्षमता बढ़ाई जाती थी. तैयार एग को आईवीएफ सेंटर भेजकर सर्जरी के जरिए निकाला जाता था. अब तक 20 से ज्यादा महिलाएं इस गिरोह की शिकार हो चुकी हैं. एग डोनेशन एक फर्टिलिटी प्रक्रिया है, जिसमें महिला किसी अन्य व्यक्ति को गर्भधारण में मदद करने के लिए एग देती है.

### ट्रक से तीन क्विंटल अवैध डोडा बरामद

**श्रीगंगानगर, 22 फरवरी.** राजस्थान में हनुमानगढ़ जिले के टाऊन थाना क्षेत्र में पुलिस ने रविवार को एक ट्रक से तीन क्विंटल से अधिक डोडा पोस्त बरामद कर चालक को गिरफ्तार किया. पुलिस अधीक्षक हरिशंकर ने बताया कि पुलिस दल ने सुबह गश्त के दौरान भारतमाला एक्सप्रेस राजमार्ग पर किशनपुरा दिखनदा के नजदीक चक 19- केएसपी में नाकाबंदी के दौरान पंजाब नंबर के ट्रक को रोका. उन्होंने बताया कि उसकी तलाशी ली गयी तो उसमें तीन क्विंटल 350 ग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद हुआ.

# ईयू के देशों की सेनाएं आतंकवादी संगठन घोषित

**तेहरान, 22 फरवरी. ईरान ने यूरोपीय संघ के सभी सदस्य देशों की नौसेनाओं और वायु सेनाओं को आतंकी संगठन घोषित कर दिया है.**

ईरानी विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि यह कदम यूरोपीय संघ द्वारा हाल ही में ईरान के 'इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स' (आईआरजीसी) को आतंकी संगठन घोषित करने के 'अवैध और अनुचित' फैसले के जवाब में उठाया गया है. बयान में कहा गया है कि यूरोपीय संघ का यह फैसला संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के मौलिक सिद्धांतों और नियमों के विपरीत है. 'इसमें कहा गया कि ईरानी सरकार ने 2019 के



एक कानून के तहत यह जवाबी कार्रवाई की है.

इस कानून के अनुसार, वे सभी देश जो किसी भी तरह से आईआरजीसी को आतंकी संगठन घोषित करने के अमेरिका के फैसले का पालन या समर्थन करते हैं, उनके खिलाफ भी इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी.यूरोपीय संघ की परिषद ने पिछले महीने विदेश मंत्रियों के बीच हुए एक राजनीतिक समझौते के बाद गुरुवार को औपचारिक रूप से आईआरजीसी को आतंकी सूची में शामिल कर लिया था. इस सूची में शामिल होने के बाद यूरोपीय संघ के आतंकवाद विरोधी प्रतिबंध लागू हो जाते हैं, जिसमें यूरोपीय संघ के सदस्य देशों में घोषित संगठन के धन, अन्य वित्तीय संपत्ति या आर्थिक संसाधनों को 'फ्रीज' करना शामिल है. यूरोपीय संघ का यह कदम हाल के दिनों में पश्चिम एशिया क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच आया है, जहाँ अमेरिका अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ा रहा है.

## आज का इतिहास

1886 - अमेरिका के रसायनशास्त्री और आविष्कारक मार्टिन हेल ने अलम्यूनियम की खोज की.

1913 - भारत के प्रसिद्ध जादूगर पी. सी. सरकार का जन्म.

1940 - रूसी सेनाओं ने यूनान के समीप स्थित लासी द्वीप पर क़ब्ज़ा किया.

1952 - कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम पारित किया गया.

1954 - भारत के प्रसिद्ध संत और संत निरंकारी मिशन के आध्यात्मिक गुरु बाबा हरदेव सिंह का जन्म.

1969 - भारतीय फ़िल्म अभिनेत्री मधुबाला का निधन.

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बंदरगाहों ने स्थिरता की मांग की

- छोटे व्यवसायों ने व्यापार नीतियों में स्पष्टता

**लॉस एंजिल्स, 22 फरवरी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की आयात शुल्क नीति के बड़े हिस्से को उच्चतम न्यायालय के अवैध करार दिए जाने के बाद दक्षिणी कैलिफोर्निया के प्रमुख बंदरगाहों और छोटे व्यवसायों ने व्यापार नीतियों में स्पष्टता और स्थिरता की मांग की है.**

अदालत ने 6-3 के बहुमत से दिए गए फैसले में अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम के तहत लागू की गई आयात शुल्क व्यवस्था को गैरकानूनी ठहराया है.इस निर्णय का असर देश के दो सबसे व्यस्त व्यापारिक केंद्रों लॉन्ग बीच बंदरगाह और लॉस एंजिल्स बंदरगाह पर व्यापक रूप से पड़ने की संभावना है. ये दोनों मिलकर अमेरिका का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रवेश द्वार बनाते हैं. पोर्ट ऑफ लॉन्ग बीच के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नोएल हसेगाबा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यह फैसला आपूर्ति श्रृंखला में अधिक निश्चितता लाएगा. ट्रंप



प्रशासन के दौरान विशेष रूप से चीन और अन्य व्यापारिक साझेदार देशों पर लगाए गए टैरिफ से इन बंदरगाहों के कार्गो मात्रा, रोजगार और दीर्घकालिक योजनाओं पर व्यापक प्रभाव पड़ा था.

आयात शुल्क की समय-सीमा से पहले आयातकों द्वारा बड़े पैमाने पर सामान मंगाए जाने से बंदरगाहों पर अस्थायी दबाव बढ़ा है जबकि अन्य समय में बढ़ी लागत के कारण आयात में गिरावट भी देखी गई. इस उतार-चढ़ाव ने बंदरगाह प्राधिकरणों और लॉजिस्टिक्स कंपनियों की योजना-प्रक्रिया को जटिल बना दिया है.पोर्ट ऑफ लॉस एंजिल्स के कार्यकारी निदेशक जीन सेरोका ने फैसले को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि अभी भी कई सवाल अनुत्तरित हैं. उनके अनुसार, अब तक वसूले गए लगभग दो-तिहाई आयात शुल्क इस निर्णय से प्रभावित होते हैं.

# ईरान के विश्वविद्यालयों में छात्रों ने किये विरोध प्रदर्शन

**तेहरान, 22 फरवरी.** ईरान के कई प्रमुख विश्वविद्यालयों में छात्रों ने रविवार को रैलियां निकालकर हाल ही के विरोध प्रदर्शनों में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि दी और प्रशासन के खिलाफ नारेबाज़ी की. ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, तेहरान विश्वविद्यालय के छात्रों ने केन्द्रीय पुस्तकालय के बाहर एकत्र होकर 'तानाशाह मुर्दाबाद' के नारे लगाए.

# अधिकारियों के साथ ईसी करेगा सम्मेलन

**नई दिल्ली, 22 फरवरी. चुनाव आयोग 24 फरवरी को राजधानी भारत मंडपम में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के चुनाव अधिकारियों के साथ गोलमेज सम्मेलन बुलाएगा. इसकी अध्यक्षता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार करेंगे.**

चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी भी इसमें मौजूद रहेंगे.यह सम्मेलन 27 साल



बाद आयोजित हो रहा है; पिछली बैठक 1999 में हुई थी. इसमें सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारी अपने कानूनी और तकनीकी विशेषज्ञों के साथ भाग लेंगे.सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य चुनाव आयोग और राज्य चुनाव कार्यालयों के बीच चुनावी प्रक्रिया के प्रबंधन में तालमेल बढ़ाना है. चर्चा में प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम), मतदाता सूची साझा करना और चुनावी प्रक्रिया को मजबूत करने के उपाय शामिल होंगे. ईसीआईएनईटी डिजिटल प्लेटफॉर्म और हाल के सुरक्षा उपायों पर भी प्रस्तुति दी जाएगी.

# पाकिस्तान समर्थित ड्रग कार्टेल नेटवर्क का भंडाफोड़

**पंजाब, 22 फरवरी. पंजाब के फरीदकोट में पुलिस ने पाकिस्तान समर्थित अंतरराष्ट्रीय ड्रग कार्टेल का पर्दाफाश करते हुए सेना के एक जवान और बर्खास्त पुलिसकर्मी समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया.**

इनके कब्जे से 4.8 किलोग्राम हेरोइन, एक .30 बोर की पिस्तौल, तीन कारतूस, 30,000 रुपए नकद और दो वाहन (थार व एक्सयूवी-500) जब्त किए गए. गिरफ्तार आरोपियों में लुधियाना निवासी जरनैल सिंह उर्फ गोल्डी (सेना में तैनात), अमरदीप सिंह उर्फ बॉक्सर (बर्खास्त पुलिसकर्मी), डिंपल रानी, रमनदीप कौर, सरबजीत सिंह उर्फ सब्बा और अमृतपाल सिंह उर्फ अभिजोत शामिल हैं. पुलिस ने बताया कि आरोपी पाकिस्तान स्थित तस्करों के सीधे संपर्क में थे और ड्रोन के माध्यम से हेरोइन की खेप भारत में ला रहे थे.एसएसपी फरीदकोट डॉ. प्रज्ञा जैन के अनुसार, 20-21 फरवरी की रात ग्रीन एवेन्यू पर एक वाहन से 1.008 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई और चार लोगों को तुरंत गिरफ्तार किया गया. इसके बाद बॉक्सर और डिंपल रानी को रोका गया, जिनके पास 3.796 किलोग्राम हेरोइन और पिस्तौल मिली. आरोपी एनडीपीएस और शस्त्र अधिनियम के तहत गंभीर अपराधों में शामिल रहे हैं.

# पुलिस ने 1,758 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया

**मुंबई, 22 फरवरी.** मुंबई पुलिस ने पिछले तीन वर्षों में 1,758 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है और उनमें से 1,238 को निर्वासित किया जा चुका है. अधिकारियों ने रविवार को यहां बताया कि शेष व्यक्तियों के निर्वासन की प्रक्रिया अभी जारी है और अदालतों में उनके मामलों का निपटारा होते ही कार्यवाही की जाएगी. संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून और व्यवस्था) सत्यनारायण चौधरी ने बताया कि 2025 में कुल 1100 बांग्लादेशी नागरिकों को निर्वासित किया गया. इस दौरान 224 आरोपियों से जुड़े 150 मामले दर्ज किए गए.

## परियोजना

नमो भारत रैपिड रेल और मेट्रो विस्तार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा

# मेरठ-दिल्ली का सफर 50 मिनट में संभव : योगी

**मेरठ, 22 फरवरी. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक दशक पहले तक मेरठ से दिल्ली की 80-90 किलोमीटर की दूरी तय करने में चार से पांच घंटे तक लग जाते थे और जाम की आशंका से लोग दिल्ली जाने से कतराते थे.**

लेकिन आज एक्सप्रेस-वे, रैपिड रेल और मेट्रो जैसी परियोजनाओं ने इस दूरी को महज 45-50 मिनट में समेट दिया है. श्री योगी ने कहा कि लगभग 82 किलोमीटर लंबे दिल्ली-मेरठ कॉरिडोर ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश की तस्वीर



बदल दी है. मुख्यमंत्री ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित हो रहे आधुनिक भारत की नई पहचान बताया. मुख्यमंत्री यहां नमो भारत रैपिड रेल और मेट्रो विस्तार कार्यक्रम के अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे.

उन्होंने कहा कि एक्सप्रेस-वे, वंदे भारत, अमृत भारत ट्रेनों और आधुनिक सार्वजनिक परिवहन सेवाओं के माध्यम से एक शहर को दूसरे शहर से तेज, सुरक्षित और अत्याधुनिक ढंग से जोड़ा जा रहा है. इससे न केवल आवागमन सुगम हुआ है, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिली है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा गौतमबुद्ध नगर में नए औद्योगिक संयंत्र की आधारशिला रखी गई है, जो भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए भारत की प्रगति का प्रतीक है. हाल में आयोजित वैश्विक शिखर सम्मेलन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया के अनेक देशों के राष्ट्राध्यक्षों और प्रतिनिधियों ने भारत की विकास यात्रा की सराहना की है. मुख्यमंत्री ने डिजिटल इंडिया की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज 140 करोड़ से अधिक लोगों को डिजिटल पहचान मिली है और अरबों डॉलर के डिजिटल लेन-देन हो रहे हैं. यह प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता और वंचितों को प्राथमिकता देने वाली नीति का परिणाम है, जिसके तहत बिना भेदभाव के गरीब, किसान, नौजवान और समाज के हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है.

# दूध का तीन में से एक सैंपल जांच में फेल

**नई दिल्ली, 22 फरवरी.** भारत दुनिया में दूध का सबसे बड़ा उत्पादक (करीब 25 प्रतिशत हिस्सा) है और दुर्भाग्य से मिलावटी दूध के मामलों में भी सबसे आगे है. देशभर में जांचे गए दूध के हर तीन नमूनों में से एक गुणवत्ता जांच में विफल रहा है. भारतीय खाद्य संरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा वित्त वर्ष 2025 में 38 प्रतिशत नमूने मिलावटी पाए गए. एफएसएसएआई की रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2015 और वित्त वर्ष 2018 के बीच मिलावटी दूध के नमूनों की संख्या 16.64 प्रतिशत अंक तक बढ़ गई. वित्त वर्ष 2022 में 798 नमूनों में से आधे मिलावटी पाए गए.